# भारत सरकार, रेल मंत्रालय
# रेलवे भर्ती बोर्ड

## सीईएन संख्या 08/2025
## (आइसोलेटेड श्रेणियों के विभिन्न पदों की भर्ती के लिए)

### सीबीटी: दिनांक 14.07.2026 एवं 15.07.2026 को आयोजित परीक्षा के प्रश्न, उत्तर और कुंजी देखने एवं प्रश्न/विकल्पों/कुंजियों पर यदि कोई आपत्ति हो, उसे दर्ज करने हेतु सूचना

सीईएन संख्या 08/2025 के तहत आइसोलेटेड श्रेणियों के विभिन्न पदों के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) दिनांक **14.07.2026 एवं 15.07.2026** को आयोजित की गई थी। सीबीटी में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को उनके प्रश्न, प्रतिक्रियाएँ और उत्तर कुंजियाँ देखने एवं प्रश्न या विकल्पों या उत्तर कुंजी पर यदि कोई आपत्ति हो, तो उसे दर्ज करने के लिए, आरआरबी की वेबसाइटों पर एवं https://rrb.indianrailways.gov.in (सभी RRB के लिए एक ही वेबसाइट) पर एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। यह लिंक **31.07.2026 को 23:55 बजे से 07.08.2026 को 23:55 बजे** तक सक्रिय रहेगा। विवरण देखने के बाद, प्रश्न, विकल्पों और कुंजियों के संबंध में आपत्तियाँ, यदि कोई हों, उम्मीदवारों द्वारा उठाई जा सकती हैं, जिसके लिए शुल्क राशि, शुल्क और प्रक्रिया नीचे दी गई है।

**1. समय सारणी:**

| क्रमांक | गतिविधि | तिथि और समय |
|---|---|---|
| 1. | प्रश्न एवं उत्तर कुंजियों को देखना और प्रश्न, विकल्पों एवं कुंजियों के विरुद्ध आपत्तियाँ दर्ज करना और ऑनलाइन शुल्क भुगतान करना। | **31.07.2026 को 23:55 बजे से** |
| 2. | प्रश्न एवं उत्तर कुंजियों देखना, आपत्तियाँ दर्ज करना और भुगतान विंडो बंद होने की तिथि। | **07.08.2026 को 23:55 बजे तक** |

**2. आपत्तियाँ दर्ज करने हेतु शुल्क:**

आपत्ति दर्ज करने हेतु निर्धारित शुल्क **₹50/- रुपये प्रति प्रश्न** के साथ लागू बैंक सेवा शुल्क भी देय है। यदि उठाई गई आपत्ति सही पाई जाती है, तो ऐसी वैध आपत्तियों के खिलाफ भुगतान किया गया शुल्क लागू बैंक शुल्क की कटौती के बाद उम्मीदवार को वापस कर दिया जाएगा। यह रिफंड उसी खाते में किया जाएगा, जहाँ से उम्मीदवार ने ऑनलाइन भुगतान किया हो।

**3. शुल्क भुगतान का तरीका:**

**i. डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड**
**ii. यूपीआई**
**iii. नेट बैंकिंग**

**4. आपत्तियाँ दर्ज करने की प्रक्रिया:**

आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ विस्तृत प्रक्रिया आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट एवं https://rrb.indianrailways.gov.in पर दिए गए लिंक में उपलब्ध होगी।

**5.** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि और समय अर्थात **07.08.2026 को 23:55 बजे** से पहले आपत्ति (यदि कोई हो) दर्ज करें, जिसके बाद प्रश्न, विकल्पों, कुंजियों आदि पर उम्मीदवारों के किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**6.** दर्ज की गई आपत्तियों पर आरआरबी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा और इस मामले में उम्मीदवारों की कोई और पत्राचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक: **31.07.2026**

**अध्यक्ष**
**रेलवे भती बोर्ड**